आकाशवाणी में प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव्स के चयन हेतु दिशानिर्देश

3425. मौलाना अबेदुल्ला खान आज़मी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी में ट्रांसमिशन एक्जीक्यूटिव्स को प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव्स के लिए संभरक संवर्ग के रूप में माना जाता है ;

(ख) क्या यह सच है कि ट्रान्समीशन एक्जीक्यूटिव्स के चयन हेतु उर्दू का ज्ञान होना आवश्यक नहीं माना जाता है ;

(ग) क्या यह सच है कि उर्दू प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव्स की सीधी भर्ती बन्द कर दी गई है और ऐसे ट्रांसमिशन एक्जीक्यूटिव्स को उर्दू प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव्स के रूप में प्रोन्नत किया जा रहा है, जिन्हें उर्दू का ज्ञान नहीं है ;

(घ) क्या इसका असर उर्दू कार्यक्रमों पर नकर आने लगा है ; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए क्या-क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी हां।

(ख) उर्दू भाषा हेतु नियत ट्रांसमिशन कार्यपालकों के पदों पर भर्ती के लिए उर्दू की जानकारी एक अनिवार्य अपेक्षा है।

(ग) ट्रांसमिशन कार्यपालकों के ग्रेड में गतिरोध को दूर करने के उद्देश्यार्थ नियमित पदोन्नति के लम्बित रहते सीधी भर्ती हेतु नियत रिक्तियों को तदर्थ पदोन्नति के माध्यम से भरने के लिए 1993–94 में एक सक्षम व्यवस्था की गई थी। ट्रांसमिशन कार्यपालक के ग्रेड से कार्यक्रम कार्यपालक के पद में पदोन्नति पात्र अभ्यर्थियों में से चयन पर आधारित है। तथापि उर्दू भाषा हेतु कार्यक्रम कार्यपालकों के पदों पर भर्ती, उर्दू भाषा में प्रवीण अधिकारियों में से की जाती है।

(घ) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

आकाशवाणी में कार्यक्रम कार्यकारी अधिकारियों के लिए उर्दू की पृष्ठभूमि

3426. मौलाना अबेदुल्ला खान आज़मी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी में उर्दू कार्यक्रमों के बहुत से कार्यक्रम प्रभारी अधिकारियों की पृष्ठभूमि उर्दू भाषा की नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और ऐसे कार्यक्रमों के नाम क्या हैं ; और

(ग) सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, नहीं। आकाशवाणी की उर्दू कार्यक्रम सेवा में ऐसे कार्यक्रम अधिकारियों को नियुक्त किया जाता है, जिनके पास इस भाषा की अच्छी जानकारी एवं पृष्ठभूमि होती है। आकाशवाणी द्वारा अन्य कार्यक्रम संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये समय-समय पर उर्दू की अच्छी पृष्ठभूमि वाले नैमेत्तिक कलाकारों का भी नियुक्त किया जाता है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

देश में आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क

3427. श्री अनन्तराम देवशंकर ग्वे : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में आकाशवाणी